आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 अक्टूबर 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स में देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाले चौदह खिलाड़ियों को आज सम्मानित किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने खिलाडियों के बीच बाइस करोड़ सत्तर लाख रूपये की पुरस्कार राशि वितरित की। कार्यक्रम में पेरिस पैरालंपिक खेलों में टी चौसठ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण कुमार को छह करोड़ रुपये, रजत पदक जीतने वाले सुहास एलवाई और अजीत सिंह को चार–चार करोड़ रुपये, प्रीति पाल को दो कांस्य पदक जीतने के लिए चार करोड़ रुपये और कांस्य पदक जीतने वाली सिमरन को एक करोड़ रुपये दिए गए। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल को एक–एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया। जबकि प्रियंका, अन्नू रानी, पारुल चौधरी और साक्षी को दस–दस लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। चार प्रशिक्षकों को भी मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार शहरों और गांवो में खेल की सुविधाओं को विकसित कर रही हैं। खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन प्रशिक्षक उपलब्ध कराने के साथ सरकार पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी भी दे रही है।

****

प्रदेश में आज से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत हो गई है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ के अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत विशेष टीमें घर–घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। श्री पाठक ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में राज्य सरकार के तेरह विभाग लगे हुए हैं। इस अभियान के तहत पूरे महीने शहरी और ग्रामीण इलाकों में सफाई और सैनिटाइजेशन, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग का विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत होने के साथ ही आज वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया और मऊ सहित विभिन्न जिलों में रैलियों और गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी गयी।

****

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुशीनगर जिले की छह ग्राम पंचायतों देऊरवा, कोटवा, बहादुरगंज, बाबूराम, भुजौली और बनवरिया को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इन गाँवों में टीबी का एक भी मरीज नहीं हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को जिलाधिकारी कल गांधी जयंती के अवसर पर सम्मानित करेंगे।

****

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज से धान खरीद शुरू होने के साथ मिर्जापुर में मोटे अनाजों ज्वार, बाजरा और मक्का की खरीद भी शुरू हो गयी है। पूर्वी जिलों में धान खरीद पहली नवंबर से शुरू होगी। सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार तीन सौ रुपये और धान ग्रेड–ए का दो हजार तीन सौ बीस रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

****

आज अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देवरिया में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की योजनाओं के तहत साठ वर्ष से अधिक आयु के दो हजार दो सौ छांछठ लोगों को एक करोड़ इकसठ लाख रूपये के सहायक उपकरण सांसद शशांक मणि त्रिपाठी और जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा वितरित गये। उधर मऊ में वृद्ध जन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बुजुर्गो के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

****

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गये दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली है। मैच के पांचवें और अंतिम दिन भारतीय टीम ने बांग्लादेश की दूसरी पारी एक सौ छियालिस रन पर समेट दी और इसके बाद तीन विकेट के नुकसान पर जीत के लिए जरूरी पच्चानबे रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। पहली पारी में भारत के लिए बहत्तर रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल ने दूसरी पारी में भी इक्यावन रन बनाये और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। चेन्नई में खेले गये पहले टेस्ट मैच में भारत ने बांग्लादेश को दो सौ अस्सी रन से हराया था।

****

वाल्मिकी नगर बैराज से सवा लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कुशीनगर में नारायणी नदी ने तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के बीरवट कोन्हवलिया गांव के सामने एपी तटबंध का कटान शुरू कर दिया है। कटान की सूचना पर प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरु करा दिया।

****

गोरखपुर में निजी क्षेत्र के पहले विश्वविद्यालय महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन से अब सौ एमबीबीएस सीटों के लिए मान्यता मिल गयी है। पहले इस मेडिकल कॉलेज को पचास एमबीबीएस सीटों में प्रवेश लेने की मान्यता मिली थी। जिसे कल नेशनल मेडिकल कमीशन ने बढ़ाकर सौ कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर अतुल वाजपेयी ने बताया कि एमबीबीएस की सीटें बढ़ने से पूर्वांचल के छात्रों को काफी सहूलियन मिलेगी।

****